रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2180] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 21, 2014/आश्विन 29, 1936
No. 2180] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 21, 2014/ASVINA 29, 1936

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर, 2014

का.आ. 2730(अ).—निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण और वन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ काम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

मेग्रोव वन्य प्रभाग (वन्य जीव) राजनगर तीन संरक्षित क्षेत्रों अर्थात् वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 29 के अधीन वर्ष 1975 में अधिसूचित भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 35 की उपधारा (4) के अधीन वर्ष 1998 में अधिसूचित भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 26 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अधीन वर्ष 1997 में अंतिम रूप से अधिसूचित गहिरमाथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण से घिरा हुआ है ।

और, भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान की सीमा भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण के भीतर है, भीतरकनिका अभ्यारण की पूर्वी सीमा के साथ संलग्न है । अतः, इस प्रभाग का संरक्षित क्षेत्र से लगी हुई भूमि और जल निकाय, जिसे इस संरक्षित क्षेत्र के लिए पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की पहचान के लिए एक इकाई के रूप में माना जाएगा ।

और, संरक्षित क्षेत्र ज्वारनदमुख है, समुद्री परिस्थितिकीय प्रणाली उच्च उत्पादित पारिस्थितिकीय प्रणाली है । समृद्ध जैव विविधता अकशेरुकी जैसे प्रोटोजोआ - 2 प्रजातियां, सीलन्टरेटा-3 प्रजातियां, मोलुस्का -7 प्रजातियां, ऐनेलिडा- 34 प्रजातियां, आर्थ्रोपोडा-15 प्रजातियां और वेरतेब्रेटस जैसे फिश 20 प्रजातियां, एमफीबियनंस-5 प्रजातिया और सरीसृप-42 प्रजातियां, 280 प्रजातियों से अधिक पक्षी, केटासीएंस सम्मिलित 28 स्तनपायी प्रजातियों के जिसके अंतर्गत सिटेसियाई भी है, की पहचान की जा सकती है । राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में मेग्रोव जैव विविधता उच्चतम एक है ; मेग्रोव की 71 प्रजातियां है जो कि पहचान किए गए वर्गीकरण से सहबद्ध हैं ।

और भीतरकनिका क्षेत्र में खाडी के मगरों की बृहतम प्राकृतिक जनसंख्या निवास करती है और यह सरीसृप विविधता के लिए जानी जाती है । यह एशिया में ही बगुलों की बृहतम संख्या भी है, जो कि वर्षा ऋतु के दौरान की एक वार्षिक क्रियाकलाप है । राष्ट्रीय उद्यान में प्रत्येक वर्ष शीत ऋतु के प्रवासी आते हैं इनकी संख्या पचास हजार से अधिक है ।

और भीतरकनिका ओडिशा राज्य में दूसरा रामसर स्थल है जो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की आर्द्र भूमि है और गाहिरमथा समुद्री वन्य जीव अभ्यारण ओलिव रिडले समुद्री कूर्मा का सामूहिक आवास के लिए सार्वभौमिक रूप से ज्ञात है । इस संरक्षित क्षेत्र में प्राणिजात और वनस्पति जगत की विभिन्न संकटापन्न प्रजातियां वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में सूचीबद्ध हैं और प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ की लाल आंकड़ें पुस्तिका में सूचीबद्ध हैं, उपलब्ध हैं ।

और पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टि से भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण और गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 2 किलोमीटर के क्षेत्र को संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक है ।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उड़ीसा राज्य में भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 2 किलोमीटर तक के क्षेत्र को पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन की 446.40 वर्ग किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत उड़ीसा के केंद्रपाडा जिले में स्थित भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण की संरक्षित क्षेत्र की सीमा से शून्य से दो क़िलोमीटर तक की चौड़ाई में परिवर्तित पारिस्थितिक संवेदी जोन होगा ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन, पूर्व की ओर 20^0 43'15.5''उत्तर अक्षांश और 87^0 18'32.9''पूर्व देशान्तर ; पश्चिम दक्षिण की ओर 20^0 29'13.8''उत्तर अक्षांश तथा 86^0 39'58.1''पूर्व देशान्तर ; उत्तर की ओर 20^0 48'21.6''उत्तर अक्षांश और $86^0$56'37.1''पूर्व देशान्तर और दक्षिण की ओर $20^0$16'35.6''उत्तर अक्षांश तथा 86^0 56'23.7''पूर्व देशान्तर से घिरा हुआ है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र इस अधिसूचना से उपाबद्ध अंतिम और विस्तारित अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध 1** के रूप में है ।

(4) भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची इस अधिसूचना से उपाबद्ध प्रमुख बिन्दुओं के साथ उनके अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध 2** में है ।

(5) उपाबंध 2 ग्रामों की सूची जोनल महायोजना तैयार करते समय राज्य सरकार द्वारा और संशोधित तथा पुष्टि होने के अधीन होगी ।

2. **पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना**--(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के विचार और अनुमोदन के लिए स्थानीय व्यक्तियों और निम्नलिखित संबद्ध विभागों के परामर्श से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी, अर्थात् :-

(i) वन, पर्यावरण और वन्य जीव प्रबंध ;

(ii) ओडिशा पुलिस ;

(iii) शहरी और आवास विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) ग्रामीण प्रबंध और विकास ;

(vi) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण ;

(vii) लोक निर्माण विभाग ;

(viii) भू-राजस्व ; और

(ix) आपदा प्रबंध ।

(2) आंचलिक महायोजना में निम्नीकृत **क्षेत्रों के** पुनरुद्धार, विद्यमान जलाशयों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरण प्रबंधन, भू-जल प्रबंधन, मृदा और आर्द्रता संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी व पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(3) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान और प्रस्तावित शहरी बस्तियों, ग्रामीण बस्तियों, वनों के किस्म और प्रकार, कृषि क्षेत्र, उद्यान-कृषि क्षेत्र, झीलों, अन्य जल निकायों और उनसे निकटवर्ती इकाइयों का अभ्यंकन करेगा ।

(4) आंचलिक महायोजना में पैरा 4 में विनिर्दिष्ट सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्रियाकलापों के विनियमन के लिए, केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मानदंडों को विनिर्दिष्ट कर सकेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना, प्रादेशिक विकास योजना के सहलक्षीय तैयार किया जाएगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**-- राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् : --

(1) **भू-उपयोग**-- पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए अभिनिश्चित किए गए हैं वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए भू-उपयोग में संपरिवर्तन अनुज्ञेय नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि योग्य भूमि का संपरिवर्तन, राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति (रा.स्त.पा.सं.जो.मा.स.) की सिफारिश पर, और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन विनिर्दिष्ट मद सं0 12, सं0 25, सं0 26, सं0 30 और सं0 31 में सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होगा, अर्थात् :-

(i) वर्षा जल संचय,

(ii) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण शिल्पकार आदि भी हैं,

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाएं, जैसे गृह ठहराव, रज्जुमार्ग किओस, रज्जुरेल इत्यादि,

(v) सुरक्षा बलों के कैंप

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, के बिना विकास क्रियाकलापों से संबंधित वाणिज्यिक या उद्योग के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुपालन के बिना उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि राज्य स्तरीय पारिस्थिकीय संवेदी जोन मानीटरी समिति (रा.पा.सं.जो.मा.स.) के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(2) **प्राकृतिक जलस्त्रोत**--सभी जलस्त्रोतों के आवाह क्षेत्र की पहचान की जाएगी और उनमें से जो अपनी प्राकृतिक संरचना में सूख रहे हैं, उनके संरक्षण तथा पुनरुद्भूतकरण की योजना आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी और उन क्षेत्रों में या उनके निकटवर्ती क्षेत्रों में विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध करने के लिए कठोर मार्गदर्शक सिद्धांत बनाए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन**--पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जिसमें आंचलिक महायोजना का भाग रूप निम्नलिखित रूप में होंगे, अर्थात् :--

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी केंद्रीय मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा तथा पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में किसी प्रकार के नए संनिर्माण सारणी के पैरा 4 के स्तंभ (2) के अधीन पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाएं जैसे गृह ठहराव, रज्जुमार्ग, किओस, रज्जुरेल इत्यादि और उससे संबंधित मद सं0 30 में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों के सिवाय अनुज्ञात नहीं होंगे ;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विकास और विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ;

(4) **नैसर्गिक विरासत**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा ; सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा और उनकी संरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **ध्वनि प्रदूषण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में, ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए पर्यावरण विभाग या ओडिशा राज्य का वन विभाग, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(6) **वायु प्रदूषण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए पर्यावरण विभाग या वन विभाग, ओडिशा राज्य, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981(1981 का 14) के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **बहिस्रावों का निस्सारण :**-- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव जल का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(8) **ठोस अपशिष्ट :**-- ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ) तारीख 25 सितंबर, 2000 द्वारा प्रकाशित नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा ।

(9) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 में प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(10) **यानिक यातायात परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुमोदित होने तक, राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

4. **पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	प्रतिषिद्ध	विनियमित	अनुज्ञा प्राप्त	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां	हां	-	-	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां प्रतिषेध है ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट याचिका (सी) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	वृक्षों की कटाई	-	हां	-	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं की जाएगी ; (ख) संबंधित केन्द्रीय अधिनियम या राज्य अधिनियम और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार वृक्षों की कटाई विनियमित की जाएगी ।
3.	आरा मशीनों की स्थापना ।	हां	-	-	
4.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण के कारण उद्योगों की स्थापना करना ।	हां	-	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए या विद्यमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
5.	वाणिज्यिक होटल और सैरगाह की स्थापना करना ।	-	हां	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई नए या विद्यमान वाणिज्यिक स्थापनों का विस्तार जैसे होटल और सैरगाह अनुज्ञात नहीं होंगे ।
6.	जलाने के लिए उपयुक्त लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	हां	-	-	
7.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भूजल संचयन भी है ।	-	हां	-	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण (सतही और भूमिगत जल) अनुज्ञात होगा ; (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण, जिसके अंतर्गत निष्कर्षण किए जा सकने वाले जल की मात्रा भी है, के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण की पूर्व लिखित अनुमति अपेक्षित होगी ; (ग) सतही या भूजल का कोई विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा ; (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के सभी उपाय किए जाएंगे ।
8.	नए वृहत जल विद्युत परियोजना का स्थापना	हां	-	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए जल विद्युत परियोजना संयंत्रों (बांध, सुरंग बनाने और जलाशय के संनिर्माण) की स्थापना और विद्यमान संयंत्रों के विस्तार के

					सिवाय सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं (100 किलोवाट तक) या लघु विद्युत परियोजनाओं (101 किलोवाट से 2000 किलोवाट तक), जो स्थानीय समुदायों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, संबंधित ग्राम सभा और अन्य आवश्यक अनापत्तियों के अध्यधीन रहते हुए प्रतिषिद्ध होगी ।
9.	बिजली के तारों और दूर संचार टावरों का परिनिर्माण ।	-	हां	-	भूमिगत केबिलिंग को बढ़ावा देना ।
10.	स्थानीय समुदायों द्वारा प्रचलित कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन	-	-	हां	
11.	वर्षा जल संचयन	-	-	हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा देना होगा ।
12.	होटलों तथा विश्रामालयों के विद्यमान परिसरों की बाड़ लगाना	-	हां	-	
13.	जैविक खेती	-	-	हां	राक्रिय रूप से बढ़ावा देना होगा ।
14.	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग	हां	-	-	
15.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग	-	-	हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा देना होगा ।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का रांनिर्माण	-	हां	-	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और अवशमन के लागू होने वाले उपायों के अनुसार करना होगा ।
17.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन	-	हां	-	वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए ।
18.	विदेशी प्रजातियों का प्रवेश	-	हां	-	
19.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन	हां	-	-	
20.	पर्यटन संबंधी क्रियाकलापों जैसे वन्य-जीव अभ्यारण क्षेत्र के ऊपर गर्म हवा के गुब्बारों द्वारा उड़ान भरना, आदि करना।	हां	-	-	
21.	पहाड़ी ढालों और नदी के किनारों का संरक्षण	-	हां	-	
22.	प्राकृतिक जल-	हां	-	-	

	निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण				
23.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग	-	हां	-	
24.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना	-	-	हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
25.	पादप बाड़			हां	
26.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण	हां	-	-	
27.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं	-	-	हां	
28.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग	-	हां	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्पकृषि, उद्यानकृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं ।
29.	नई लकड़ी आधारित उद्योग	हां	-	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नई लकड़ी पर आधारित उद्योगों की स्थापना तुरंत प्रभाव से अनुज्ञात नहीं होगी ।
30.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण	-	हां	-	
31.	संनिर्माण क्रियाकलाप	हां	-	-	पारिस्थितिक संवेदी जोन में सिवाय, स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं, जिसके अंतर्गत मद संख्या 11, मद संख्या 25, मद संख्या 30 और मद संख्या 31 में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, के तत्काल प्रभाव से किसी प्रकार का नया संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होगा । मद संख्या 26 में सूचीबद्ध क्रियाकलाप के मामले में संनिर्माण क्रियाकलापों को विनियमित करते हुए उन्हें न्यूनतम स्तर पर रखा जाएगा ।
32.	पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाएं जैसे गृह ठहराव, रज्जुमार्ग, किओस, रज्जुरेल इत्यादि	-	हां	-	
33.	सुरक्षा बल कैंप	-	हां	-	

5. **राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति**- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए ओडिशा राज्य के लिए एक समिति का गठन करेगी जिसका नाम राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति (राश्तपासंजोमास), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i) मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार - अध्यक्ष ;

(ii) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का प्रतिनिधि - सदस्य ;

(iii) मुख्य वन्यजीव वार्डन, ओडिशा सरकार - सदस्य ;

(iv) सदस्य-सचिव, ओडिशा राज्य, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य ;

(v) पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का ओडिशा राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि - सदस्य ;

(vi) सचिव, पर्यावरण और वन ओडिशा सरकार - सदस्य ;

(vii) सचिव, राजस्व और आपदा प्रबंधन (रा.और आ.प्र.) ओडिशा सरकार - सदस्य ;

(viii) सचिव, कृषि विभाग, ओडिशा सरकार - सदस्य ;

(ix) सचिव, आवास और नगरीय विकास विभाग, ओडिशा सरकार - सदस्य ;

(x) केन्द्रपाडा और भद्रक से संबद्ध जिला कलेक्टर - सदस्य ;

(xi) संबद्ध प्रभागीय वन अधिकारी, भद्रक और राजनगर पर्यावरण और वन्य जीव प्रभाग - सदस्य ;

(xii) निदेशक, पर्यावरण विभाग, ओडिशा सरकार - सदस्य सचिव ।

(2) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तंभ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 3 के अधीन सारणी के स्तंभ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलेक्टर या संबद्ध उद्यान का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति उक्त वर्ष की 30 जून तक प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उपाबंध 3 में दिए गए रूप विधान के अनुसार प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह ठीक समझे ।

6. माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण (रा.ह.अ) द्वारा पारित या पारित होने वाले कोई आदेशों, यदि कोई हों, के अधीन रहते हुए इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

उपाबंध-1

भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण, गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण के चारो और पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा के मानचित्र को दर्शित करने वाले अंतिम और विरस्तारित अक्षांश और देशान्तर ।



4213 GI/14—2

उपाबंध-2

भीतरकनिका वन्य जीव अभ्यारण, भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और गाहिरमथा (समुद्री) वन्य जीव अभ्यारण, ओडिशा के प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची

1. भद्रक जिला

क्रम सं.	ग्राम का नाम	अक्षांश	देशान्तर
1.	अम्बीलिगन	उ- 20° 46' 7.095'	द- 86° 46' 26.644'
2.	बादहरीपुर	उ- 20° 47' 40.15'	द- 86° 45' 58.15'
3.	बदोस्तिया	उ- 20° 48' 34.57'	द- 86° 44' 20.81'
4.	बघांता	उ- 20° 46' 11.825'	द- 86° 48' 56.636'
5.	बालिगन	उ- 20° 47' 29.92'	द- 86° 44' 02.70'
6.	बारेपुर	उ- 20° 47' 25.30'	द- 86° 44' 43.50'
7.	बेतलपुर	उ- 20° 45' 14.785'	द- 86° 46' 46.075'
8.	बिद्युतप्रवा	उ- 20° 48' 18.417'	द- 86° 55. 49.076'
9.	बिनातारो	उ- 20° 46' 24.76'	द- 86° 43' 26.45'
10.	चंदाबाली	उ- 20° 45' 50.888'	द- 86° 43' 16.758'
11.	चारादिया	उ- 20° 47' 47.500'	द- 86° 50.45.409'
12.	कोकोनेट आइसलैंड	उ- 20° 50' 14.76'	द- 86° 57' 35.67'
13.	दक्षिणाधामरा	उ- 20° 47' 49.911'	द- 86° 53. 45.680'
14.	ध्रूबापाहलीपुर	उ- 20° 46' 32.347'	द- 86° 49' 37.742'
15.	दुर्गापुर	उ- 20° 45' 26.265'	द- 86° 48' 10.728'
16.	गोलादिया	उ- 20° 46' 18.85'	द- 86° 42' 54.81'
17.	हरीशपुर	उ- 20° 48' 26.239'	द- 86° 51.51.918'
18.	जगुला	उ- 20° 48' 37.701'	द- 86° 53. 54.118'
19.	जयादुर्गापाटना	उ- 20° 47' 48.825'	द- 86° 55. 22.472'
20.	झारकाटा	उ- 20° 48' 28.566'	द- 86° 53. 2.095'
21.	ज्योसनामाई	उ- 20° 47' 47.705'	द- 86° 56. 6.029'
22.	कनकपाली	उ- 20° 48' 18.314'	द- 86° 52. 43.953'
23.	कांदागारदी	उ- 20° 47' 19.26'	द- 86° 49. 05.75'
24.	कांधा	उ- 20° 44' 46.273'	द- 86° 45' 54.109'

25.	करतुरिकाना	उ- 20° 45' 25.172'	द- 86° 48' 50.645'
26.	कौदियपाल	उ- 20° 44' 46.385'	द- 86° 47' 19.981'
27.	खामार्शी	उ- 20° 55' 24.80'	द- 86° 52. 06.42'
28.	कुल्ही	उ- 20° 46' 02.20'	द- 86° 42' 32.18'
29.	नरसिंहपुर	उ- 20° 48' 20.630'	द- 86° 53' 45.659'
30.	नयाहत	उ- 20° 47' 57.60'	द- 86° 44' 52.53'
31.	नेदुली	उ- 20° 46' 58.29'	द- 86° 49' 14.76'
32.	ओरासाही	उ- 20° 46' 58.29'	द- 86° 49' 14.76'
33.	पहलादपुर	उ- 20° 46' 22.777'	द- 86° 43' 37.264'
34.	पैकरापुर	उ- 20° 47' 32.40'	द- 86° 46' 27.53'
35.	पैकासाही	उ- 20° 48' 5.855'	द- 86° 54. 12.288'
36.	पंचुपादा	उ- 20° 47' 47.36'	द- 86° 45' 28.73'
37.	पातुली	उ- 20° 46' 46.694'	द- 86° 43' 52.948'
38.	पोखारीसाही	उ- 20° 45' 36.336'	द- 86° 45' 56.450'
39.	राजाराजेस्वरपाली	उ- 20° 48' 2.347'	द- 86° 51. 51.940'
40.	राजेन्द्रपाली	उ- 20° 47' 32.735'	द- 86° 51.14.461'
41.	सोमपुर	उ- 20° 47' 29.02'	द- 86° 45' 49.08'
42.	सनाहारीपुर	उ- 20° 46' 25.259'	द- 86° 45' 57.585'
43.	सिमुलिया	उ- 20° 37' 49.253'	द- 86° 39' 44.932'
44.	चंदाबाली	उ- 20° 46' 16.97'	द- 86° 44' 15.00'
45.	धामारा	उ- 20° 47' 43.14'	द- 86° 53' 47.97'

2. केंद्रपाडा जिला

क्रम सं.	ग्राम का नाम	अक्षांश	देशान्तर
1.	अच्युतापुर	उ- 20° 43' 12.529'	ई- 86° 41' 11.285'
2.	अचिन्ता	उ- 20° 44' 35.648'	ई- 86° 41' 47.397'
3.	अधादेयुनरिया	उ- 20° 33' 31.024'	ई- 86° 40' 3.620'
4.	अधाजोरी	उ- 20° 34' 23.243'	ई- 86° 39' 4.310'
5.	अलाकाना	उ- 20° 40' 34.324'	ई- 86° 40' 37.760'

6.	अंधारुआ	उ- 20° 33' 37.739'	ई- 86° 39' 6.830'
7.	अरेहीकाना	उ- 20° 37' 41.021'	ई- 86° 39' 17.376'
8.	अशोक दिया	उ- 20° 45' 0.085'	ई- 86° 47' 59.876'
9.	अताला	उ- 20° 39' 5.620'	ई- 86° 40' 58.496'
10.	बावरा	उ- 20° 29' 35.653'	ई- 86° 39' 27.004'
11.	बदागारा	उ- 20° 44' 12.064'	ई- 86° 42' 53.418'
12.	बदाजोरामुहन	उ- 20° 41' 59.705'	ई- 86° 41' 5.389'
13.	बदामबिला	उ- 20° 38' 49.620'	ई- 86° 40' 19.851'
14.	बदान्को	उ- 20° 40' 36.654'	ई- 86° 41' 6.769'
15.	बदापाल	उ- 20° 30' 22.325'	ई- 86° 41' 20.409'
16.	बदातैला	उ- 20° 44' 53.918'	ई- 86° 42' 26.064'
17.	बधेई पादा	उ- 20° 30' 11.986'	ई- 86° 40' 39.069'
18.	बादपाली	उ- 20° 30' 51.891'	ई- 86° 41' 24.876'
19.	बाघाबुदा	उ- 20° 44' 34.548'	ई- 86° 42' 9.169'
20.	बधातैला	उ- 20° 32' 28.003'	ई- 86° 41' 26.627'
21.	बाला भाद्रपुर	उ- 20° 35' 55.212'	ई- 86° 39' 50.621'
22.	बालाकाती	उ- 20° 41' 28.957'	ई- 86° 40' 49.735'
23.	बलारामपुर	उ- 20° 44' 9.406'	ई- 86° 40' 26.710'
24.	बाली झारी	उ- 20° 34' 11.25'	ई- 86° 41' 35.55'
25.	बलिया	उ- 20° 33' 19.569'	ई- 86° 39' 23.782'
26.	बलिया पाली	उ- 20° 30' 13.035'	ई- 86° 39' 51.972'
27.	बलियादा	उ- 20° 38' 30.209'	ई- 86° 39' 43.633'
28.	बलियाजोरी	उ- 20° 33' 55.120'	ई- 86° 41' 54.708'
29.	बालीगन्दा (रतनपुर)	उ- 20° 29' 20.777'	ई- 86° 40' 33.139'
30.	बालीपाटना	उ- 20° 35' 3.061'	ई- 86° 39' 3.012'
31.	बाना पादा	उ- 20° 28' 55.023'	ई- 86° 44' 41.915'
32.	बांधा पारा	उ- 20° 28' 44.164'	ई- 86° 39' 47.351'
33.	बानीदीहापाटना	उ- 20° 42' 53.94'	ई- 86° 39' 37.76'
34.	बंतो	उ- 20° 33' 22.555'	ई- 86° 38' 54.120'

35.	बारादा	उ- 20° 45' 6.500'	ई- 86° 43' 5.954'
36.	बरुंदीहा	उ- 20° 42' 13.294'	ई- 86° 40' 31.505'
37.	बाटीपारा	उ- 20° 29' 59.644'	ई- 86° 39' 24.642'
38.	बेटा	उ- 20° 39' 11.244'	ई- 86° 40' 23.431'
39.	भारीगादा	उ- 20° 42' 14.471'	ई- 86° 40' 52.058'
40.	भोपाल	उ- 20° 30' 8.882'	ई- 86° 43' 39.000'
41.	भूइनपादा	उ- 20° 29' 0.485'	ई- 86° 42' 18.225'
42.	बिला पोखरिया पादा	उ- 20° 31' 37.74'	ई- 86° 40' 47.98'
43.	बिसुनपुर	उ- 20° 32' 4.745'	ई- 86° 41' 46.470'
44.	चकीबंका	उ- 20° 34' 42.647'	ई- 86° 39' 35.678'
45.	चंदा पुर	उ- 20° 32' 35.449'	ई- 86° 41' 37.954'
46.	चंदन नगर	उ- 20° 39' 46.937'	ई- 86° 44' 33.579'
47.	चंदन नगर	उ- 20° 33' 00.29'	ई- 86° 39' 16.18'
48.	छादेश	उ- 20° 43' 18.624'	ई- 86° 40' 47.292'
49.	चुनाबंधा	उ- 20° 40' 54.62'	ई- 86° 40' 38.89'
50.	दक्षिणाडांडी	उ- 20° 35' 20.272'	ई- 86° 40' 16.674'
51.	दालाबाद	उ- 20° 33' 12.767'	ई- 86° 39' 35.877'
52.	दमर पुर	उ- 20° 35' 30.333'	ई- 86° 38' 46.034'
53.	दासाभागरिया	उ- 20° 42' 30.529'	ई- 86° 42' 4.575'
54.	दासी पुर	उ- 20° 38' 8.595'	ई- 86° 39' 44.890'
55.	धनेश्वरपुर	उ- 20° 38' 49.794'	ई- 86° 41' 55.337'
56.	धिमिरिया	उ- 20° 33' 8.473'	ई- 86° 41' 54.799'
57.	दिनीआरी	उ- 20° 39' 52.071'	ई- 86° 43' 45.001'
58.	डोलीगांव	उ- 20° 29' 24.237'	ई- 86° 40' 58.488'
59.	एकताला	उ- 20° 29' 39.53'	ई- 86° 40' 54.15'
60.	फिरीकिदांदी	उ- 20° 35' 22.83'	ई- 86° 40' 29.79'
61.	गाम्हेरिया	उ- 20° 39' 31.188'	ई- 86° 40' 24.891'
62.	गांजा	उ- 20° 43' 43.239'	ई- 86° 41' 6.384'
63.	गरजंग	उ- 20° 29' 50.672'	ई- 86° 42' 20.922'

64.	गवादिया	उ- 20° 38' 33.98'	ई- 86° 39' 08.28'
65.	गोबिन्दपुर	उ- 20° 44' 18.560'	ई- 86° 41' 35.337'
66.	गोउआ	उ- 20° 29' 13.884'	ई- 86° 39' 58.138'
67.	गोपीनथपुर	उ- 20° 40' 0.318'	ई- 86° 41' 46.736'
68.	गोपतिरा	उ- 20° 33' 37.801'	ई- 86° 39' 38.237'
69.	हराना बाबी	उ- 20° 33' 50.242'	ई- 86° 39' 0.761'
70.	हरी पुर	उ- 20° 31' 39.704'	ई- 86° 41' 40.480'
71.	इच्छपुर	उ- 20° 39' 54.782'	ई- 86° 43' 17.409'
72.	इसानी पल्ला	उ- 20° 31' 10.127'	ई- 86° 41' 42.954'
73.	जगननाथपुर	उ- 20° 33' 28.427'	ई- 86° 42' 30.170'
74.	जगुलाईपादा	उ- 20° 44' 57.281'	ई- 86° 41' 57.030'
75.	जामुदांडा	उ- 20° 40' 19.803'	ई- 86° 43' 11.319'
76.	झारकाटा	उ- 20° 41' 58.615'	ई- 86° 41' 31.991'
77.	जुनापंगा	उ- 20° 32' 17.951'	ई- 86° 42' 23.795'
78.	काजला बांधा	उ- 20° 31' 33.983'	ई- 86° 41' 22.376'
79.	काकत पुर	उ- 20° 28' 48.861'	ई- 86° 40' 1.814'
80.	कालादिया	उ- 20° 38' 15.468'	ई- 86° 40' 9.047'
81.	कालापाहादा	उ- 20° 40' 54.783'	ई- 86° 40' 26.836'
82.	कालातुंगा	उ- 20° 28' 41.022'	ई- 86° 41' 9.443'
83.	काताकाना	उ- 20° 37' 49.253'	ई- 86° 39' 44.932'
84.	केननगा	उ- 20° 39' 19.306'	ई- 86° 41' 31.414'
85.	केरादासाही	उ- 20° 31' 18.477'	ई- 86° 41' 55.415'
86.	केशानगर	उ- 20° 42' 14.530'	ई- 86° 41' 24.704'
87.	खान्ता ई-	उ- 20° 32' 43.470'	ई- 86° 42' 10.551'
88.	खांडोल	उ- 20° 39' 9.091'	ई- 86° 41' 29.915'
89.	कोचिला	उ- 20° 39' 19.836'	ई- 86° 41' 41.338'
90.	कोलीदिहा	उ- 20° 40' 7.336'	ई- 86° 43' 41.564'
91.	कोरीपल्ला	उ- 20° 31' 52.267'	ई- 86° 42' 8.234'
92.	कुधी	उ- 20° 36' 33.965'	ई- 86° 38' 7.219'

93.	कुंडीलो	उ- 20° 39' 49.848'	ई- 86° 41' 52.390'
94.	कुन्दुपुर	उ- 20° 34' 16.681'	ई- 86° 41' 23.255'
95.	लक्ष्मीप्रसादिया	उ- 20° 44' 57.829'	ई- 86° 48' 16.812'
96.	मदन पुर	उ- 20° 34' 56.711'	ई- 86° 40' 43.345'
97.	माहु	उ- 20° 39' 19.435'	ई- 86° 42' 30.332'
98.	महुशीगन	उ- 20° 45' 24.675'	ई- 86° 42' 48.986'
99.	मकुन्दपुर	उ- 20° 43' 10.287'	ई- 86° 41' 29.428'
100.	मालादिया	उ- 20° 28' 56.114'	ई- 86° 44' 10.521'
101.	मालीपुर	उ- 20° 34' 13.518'	ई- 86° 38' 40.282'
102.	मानेदिहा	उ- 20° 42' 57.804'	ई- 86° 41' 47.592'
103.	मंगलापुर	उ- 20° 41' 57.531'	ई- 86° 42' 2.221'
104.	मनीकापटना	उ- 20° 36' 43.198'	ई- 86° 39' 11.242'
105.	मटिया	उ- 20° 45' 38.367'	ई- 86° 42' 26.463'
106.	मरुगा नेयानी	उ- 20° 39' 2.302'	ई- 86° 40' 0.958'
107.	मुंदातला सहारा	उ- 20° 30' 3.311'	ई- 86° 44' 57.500'
108.	नागापादा	उ- 20° 41' 26.634'	ई- 86° 40' 24.350'
109.	नालादिया	उ- 20° 37' 50.449'	ई- 86° 40' 15.143'
110.	नरसिंह पुर	उ- 20° 29' 46.175'	ई- 86° 44' 10.435'
111.	नौगन	उ- 20° 32' 11.76'	ई- 86° 33' 05.12'
112.	नौगन	उ- 20° 37' 25.95'	ई- 86° 45' 28.72'
113.	ओडिसाला	उ- 20° 29' 43.994'	ई- 86° 45' 14.437'
114.	ओस्तिया	उ- 20° 45' 33.826'	ई- 86° 43' 19.209'
115.	औपादा	उ- 20° 32' 33.84'	ई- 86° 40' 32.13'
116.	पाला धन ईश्वरपुर	उ- 20° 38' 35.060'	ई- 86° 42' 27.999'
117.	पालापाटना	उ- 20° 36' 3.249'	ई- 86° 38' 8.500'
118.	पानीखिया	उ- 20° 29' 16.351'	ई- 86° 41' 41.972'
119.	पौनसीपल	उ- 20° 30' 4.488'	ई- 86° 45' 25.272'
120.	पोदामराय	उ- 20° 39' 55.103'	ई- 86° 40' 55.546'
121.	पुरिलो	उ- 20° 40' 3.699'	ई- 86° 41' 28.596'

122.	राधानगर	उ- 20° 39' 10.98'	ई- 86° 38' 54.66'
123.	राजपुर	उ- 20° 39' 24.146'	ई- 86° 44' 9.442'
124.	रामभिला	उ- 20° 37' 9.322'	ई- 86° 38' 56.496'
125.	रानीपोखारी	उ- 20° 41' 10.163'	ई- 86° 40' 15.837'
126.	राता पंगा	उ- 20° 30' 5.537'	ई- 86° 44' 23.685'
127.	रेसुआ	उ- 20° 34' 4.131'	ई- 86° 41' 3.952'
128.	राउता	उ- 20° 37' 46.09'	ई- 86° 37' 17.13'
129.	साहुपादा	उ- 20° 38' 34.886'	ई- 86° 40' 50.099'
130.	सानानको	उ- 20° 40' 31.074'	ई- 86° 42' 8.435'
131.	सनातैला	उ- 20° 44' 35.531'	ई- 86° 41' 21.709'
132.	संकाचित	उ- 20° 29' 27.863'	ई- 86° 43' 1.641'
133.	संख पुर	उ- 20° 33' 32.367 '	ई- 86° 41' 55.960'
134.	संकरुरपा	उ- 20° 29' 54.808'	ई- 86° 39' 39.937'
135.	संसार फाल	उ- 20° 33' 43.578'	ई- 86° 40' 24.129'
136.	सासना	उ- 20° 30' 40.818'	ई- 86° 44' 30.872'
137.	सताधारिया	उ- 20° 43' 52.219'	ई- 86° 40' 33.102'
138.	सताकुरिया	उ- 20° 30' 12.191'	ई- 86° 39' 38.807'
139.	सिंगरपुर	उ- 20° 33' 27.774'	ई- 86° 41' 31.810'
140.	श्रीरामपुर	उ- 20° 35' 34.806'	ई- 86° 38' 8.568'
141.	सुबरना पुर	उ- 20° 32' 27.529'	ई- 86° 42' 3.335'
142.	सुनीती (बेना कांधा)	उ- 20° 28' 11.686'	ई- 86° 43' 34.378'
143.	तनालाधिया	उ- 20° 40' 9.499'	ई- 86° 44' 2.400'
144.	तांगानातैला	उ- 20° 36' 9.090'	ई- 86° 39' 40.677'
145.	तांतियापाल	उ- 20° 30' 39.629'	ई- 86° 43' 57.060'
146.	तेरोही	उ- 20° 30' 55.241'	ई- 86° 40' 49.847'
147.	तेतलंगा	उ- 20° 31' 59.344'	ई- 86° 39' 0.740'

उपबंध-3

राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और दिनांक

उपबंध-3

राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और दिनांक
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
5. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

[फा. सं. 25/04/2014-ईएसजेड-आरई]

डा. जी.वी. सुब्रहमण्यम, वैज्ञानिक 'जी

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE
NOTIFICATION

New Delhi, the 21st October, 2014

S.O. 2730(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette of India containing this notification are made available to the Public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, New Delhi-110003, or at e-mail address:- esz-mef@nic.in

Draft Notification

Whereas, the Mangrove Forest Division (Wildlife), Rajnagar has three protected areas namely Bhitarkanika Wildlife Sanctuary notified in the year 1975 under section 29 of Wildlife (Protection) Act, 1972, Bhitarkanika National Park notified in 1998 under section35 sub-section 4 of Wildlife (Protection) Act, 1972and Gahirmatha (Marine) Wildlife Sanctuary finally notified in 1997 under clause (b) of sub-section-1 under section 26 of Wildlife (Protection) Act, 1972.

And whereas, the boundary of Bhitarkanika National Park is within the Bhitarkanika Wild life Sanctuary, the Gahirmatha (Marine) Wildlife Sanctuary is contiguous with the eastern boundary of Bhitarkanika Sanctuary. Thus the protected areas of this division form a contiguous land and water body which is treated as unit for identifying the eco sensitive zone for this protected areas.

